दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका     संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916     सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 130 | छतरपुर, शुक्रवार 06 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16


# अंततः समिति प्रबंधक चितहरी के विरुद्ध जांच शुरु

## शिकायतकर्ता के हुये बयान दर्ज, कभी भी हो सकती है कार्रवाई

**अजय सिंह परिहार**

छतरपुर। जेआर सागर के निर्देश पर सेवा सहकारी समिति चितहरी के समिति प्रबंधक अजय सिंह के खिलाफ हुई शिकायत की जांच शुरू हो गयी है जिसमें शिकायतकर्ता के पूर्व समिति प्रबंधक मनभरन सिंह के बयान दर्ज हो चुके हैं अब कभी भी अजय सिंह के खिलाफ कार्रवाई होने के कयास लगाये जा रहे हैं।




### क्या है मामला

पूर्व समिति प्रबंधक मनभरन सिंह द्वारा जेआर एवं डीआर के नाम की गयी शिकायत में बताया गया है कि समिति प्रबंधक अजय सिंह  को वर्ष 2015 में गंभीर अनियमितताओं के चलते सेवा से पृथम कर दिया गया था जिसके विरूद्ध इन्होंने जेआर सागर के यहां अपील की थी जिसमें जेआर सागर ने अजय सिंह को अनियमिताओं का दोषी मानते हुये अदम पैरवी में ही अपील खारिज कर दी थी लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि वे समिति में अपनी सेवायें देते हुये वेतन ले रहे हैं। सवाल उठता है कि आखिर वे किसके आदेश से सेवायें देकर वेतन ले रहे हैं जिसकी जांच की मांग पूर्व समिति प्रबंधक द्वारा की गयी है।

### अब ऊँट आया पहाड़ के नीचे

पूर्व समिति प्रबंधक द्वारा की गयी शिकायत दैनिक परिहार गर्जना समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। समाचार की सत्यता को देखते हुये जेआर सागर के निर्देश पर शिकायतकर्ता पूर्व समिति प्रबंधक के बयान  दर्ज हो चुके हैं तथा अजय सिंह पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

### सहकारिता जैसी भर्राशाही और कहीं नहीं

लोगों का कहना है कि सहकारिता का उद्देश्य किसानों का विकास करना है लेकिन छतरपुर जिले में सहकारिता विभाग में ऐसी भर्राशाही मची है जिससे अजय सिंह जैसे भ्रष्ट एवं बेईमान लोग कानून कायदों की परवाह किये बगैर ऐस कर रहे है। आखिर अजय सिंह किसके आदेश पर अपनी सेवायें दे रहा है यह बताने से सभी बच रहे हैं।

### अजय सिंह जा सकते हैं जेल

सूत्रों का कहना है कि अगर इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई हुई तो अजय सिंह से जहां वेतन की लाखों रूपये की वसूली होगी वहीं इन्हें सलाखों के पीछे भी जाना पड़ सकता है, हालांकि लोग यह भी कहते हैं कि यह सहकारिता है इस विभाग जैसी भर्राशाही और कहीं देखने को नहीं मिलती।

### मीडिया से मुंह चुराते हैं समिति प्रबंधक

दैनिक परिहार गर्जना में इस घोटाले का समाचार प्रमुखता से उजागर होने के बाद समिति प्रबंधक चितहरी अजय सिंह मीडिया से मुंह चुराते हैं। जब इस संवाददाता ने स्वयं इस मामले को लेकर उनसे संपर्क करने के लिये उनके मोबाइल नम्बर 8349201874 से संपर्क करने की कोशिश की तो घंटी जाने के बाद भी उन्होंने मोबाइल रिसीब नहीं किया।

### इनका कहना है

मैंने शिकायतकर्ता के बयान दर्ज कर लिये हैं। समिति प्रबंधक को   दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिये शुक्रवार को बुलवाया है। इसके बाद मैं जांच प्रतिवेदन तैयार कर जेआर कार्यालय सागर भिजवा दूंगा।

**श्याम क्षत्रिय, प्रशासक**

आप मुझे इस प्रकरण के सारे सबूत भिजवाये ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा चाहे वह कितना शातिर क्यों न हो।

***शिवेन्द्र पांडे, जेआर, सागर***

# गोली चलने से फिर थर्राया छतरपुर

## माँ सहित एक युवक घायल, रिस्ते के भाईयों के बीच हुआ था विवाद, पुलिस जांच में जुटी



छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरूवार की सुबह फायरिंग होने से सनसनी फैल गई। बतया जा रहा है कि रिश्ते के भाईयों के बीच प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद एक युवक ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से आरोपी युवक की मां सहित दूसरा युवक घायल हुआ है, जिन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद गंभीर हालत में झांसी रेफर किया गया है। वहीं पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगालकर मामले की जांच करने में लगी हुई है।

***यह है मामला***

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पन्ना रोड पर लॉर्ड होटल के पास रहने वाले रिपुल दुबे का खजुराहो निवासी अपने फूफा के लड़के शिवहरी पुत्र शिवराम दुबे उम्र 22 साल से प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों के बीच बुधवार की रात को छतरपुर के स्टेडियम में विवाद हुआ, जिसके बाद गुरूवार की सुबह शिवहरी दुबे कुछ लड़कों के साथ रिपुल के घर पहुंच गया। यहां दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि रिपुल ने अपनी 12 बोर की लायसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी। विवाद के बीच रिपुल की मां गंगा पत्नी ओमप्रकाश दुबे उम्र 45 वर्ष अपने बेटे रिपुल और भांजे शिवहरी को रोकने का प्रयास कर रही थी और जब रिपुल बंदूक लाया, तो बंदुक की नली पर हाथ रखकर उसे चलाने से रोक रही थी,

**...शेष पृष्ठ दो पर**

# शिकायत पेटी न लगने से अवर सचिव नाराज

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव सचिन्द्र राव ने प्रदेश के समस्त विभाग प्रमुखों, संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों हेतु शिकायत पेटी की  व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल सभी विभागों में शिकायत पेटियां लगवाये जाने के निर्देश दिये हैं। पत्र में अवर सचिव ने बताया कि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों हेतु शिकायत पेटी लगाने के निर्देश समस्त विभाग प्रमुखों, कमिश्नरों एवं  कलेक्टरों को दिये गये थे लेकिन इस आदेश का कतिपय विभाग प्रमुखों द्वारा पालन नहीं किया गया है अत: अब उक्त निर्देशों का पालन करते हुये तत्काल सभी विभागों में शिकायत पेटी की व्यवस्था करवायें ताकि लोग भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें उक्त पेटियों में डाल सकें।

# मारपीट की घटना में दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्रांतर्गत  देरी रोड छतरपुर निवासी दिनेश कुशवाहा, पुष्पेन्द्र कुशवाहा का लल्लु एवं तुलसी कुशवाहा से जमीन संबंधी विवाद को लेकर मारपीट हो गयी जिसमें दिनेश कुशवाहा, पुष्पेन्द्र कुशवाहा के साथ मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# शासकीय महाविद्यालय बकस्वाहा में आयोजित हुआ योग प्रशिक्षण शिविर



परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा, 5 दिसंबर। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बकस्वाहा में एक सप्ताह का ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। इस शिविर का उद्घाटन माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

महाविद्यालय में आयोजित इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ई. देवकीनंदन गन्धर्व जी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महेन्द्र साथी सदस्य जनभागीदारी समिति ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पा सामवेदी ने की। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार, सचिव डॉ. प्रदीप कुमार अहिरवाल, समन्वयक डॉ. मुकेश कुमार पटेल, सह-समन्वयक अंकुश जैन के साथ महाविद्यालय का समस्त स्टाफ भी मौजूद था। शिविर के पहले दिन बतौर प्रवक्ता श्री अमलान सेनगुप्ता, योग शिक्षक, जवाहर नवोदय विद्यालय, खोवई, त्रिपुरा ने उपस्थित विद्यार्थियों को अष्टांग योग और योग के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति में सुधार हो सके।

इस अवसर पर श्री सेनगुप्ता ने योग के लाभ और जीवन में उसकी अहमियत पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में, विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. मनोज कुमार चौरसिया ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया और शिविर के सफल आयोजन पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया। यह योग प्रशिक्षण शिविर एक सप्ताह तक चलेगा और इसके माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को योग की महत्वता और लाभ के बारे में अधिक जानने का अवसर मिलेगा।

# बकस्वाहा नगरवासियों में परिसीमन को लेकर चिंताएं, अस्तित्व बचाने की अपील और जिला बनाने की मांग




**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा, 5 दिसंबर। बकस्वाहा नगर के नागरिक इन दिनों परिसीमन के मुद्दे को लेकर गहरे तनाव में हैं। हाल ही में नगर के एडवोकेट जय प्रकाश बिल्थरे ने बताया कि तहसील न्यायालय बकस्वाहा में एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है, जिसमें बकस्वाहा जनपद के कुछ गांवों को दमोह और सागर जिलों में जोड़ने का प्रस्ताव है। यदि यह परिसीमन प्रक्रिया लागू होती है, तो बकस्वाहा के महत्वपूर्ण क्षेत्र जैसे भीमकुंड, बाजना, छतरपुर, सुनवाहा से नैनागढ़ तक का क्षेत्र सागर जिले में समाहित हो जाएगा, जिससे बकस्वाहा का प्रशासनिक केंद्र और पहचान समाप्त हो सकती है।

नगर के प्रमुख नागरिक वृजगोपाल सोनी का कहना है कि यदि इस परिसीमन प्रक्रिया को राजनीतिक दबाव में बिना उचित विचार के लागू किया जाता है, तो बकस्वाहा का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपनी आपत्तियां और मत तहसीलदार महोदय के पास दर्ज कराएं, ताकि बकस्वाहा का अस्तित्व बच सके। अन्यथा, यह परिसीमन राजनीतिक दबाव में हो सकता है, जिससे बकस्वाहा का अस्तित्व समाप्त हो सकता है।

इसी बीच, बकस्वाहा के महेन्द्र साथी और रधुवीर प्रसाद श्रीधर ने प्रशासनिक कार्यों की सुविधा के लिए बकस्वाहा नगर को एक अलग जिला बनाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने तर्क दिया कि बकस्वाहा क्षेत्र में समग्र विकास और प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाई जा सकती है, यदि इसे एक अलग जिला बनाया जाए। बकस्वाहा से छतरपुर जिले की दूरी 100 किलोमीटर से अधिक है, जिससे नागरिकों को प्रशासनिक कार्यों के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में यात्रा करनी पड़ती है।

समाजसेवी अनिल बडकुल ने बताया कि बकस्वाहा क्षेत्र में एशिया का उच्च गुणवत्ता वाला हीरा पाया जाता है, और यह क्षेत्र खनिज संसाधनों से भरपूर है, जो प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। बकस्वाहा के आस-पास के प्रमुख धार्मिक स्थल जैसे उमरझिरिया धाम, नैनागिर धाम और भीम कुण्ड, जो हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, इस क्षेत्र के विकास में मददगार साबित हो सकते हैं।

पार्षद मुरलीधर पटेल और अरविंद खटीक ने बकस्वाहा क्षेत्र में प्राचीन कलाकृतियां और सैलचित्र पाए जाने का हवाला दिया, जो पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उनका कहना है कि बकस्वाहा को जिला बनाने से न केवल प्रशासनिक कार्यों में सुधार होगा, बल्कि इससे क्षेत्रीय विकास में भी तेजी आएगी और क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। समाजसेवी अनिल बडकुल, महेन्द्र साथी, वृजगोपाल सोनी, एडवोकेट जय प्रकाश बिल्थरे और रधुवीर श्रीधर ने नगरवासियों से एकजुट होकर इस संघर्ष में हिस्सा लेने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि बकस्वाहा को जिला नहीं बनाया गया, तो शाहगढ़ को जिला बनाने की मांग की जाएगी, ताकि क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित हो सके। बकस्वाहा का अस्तित्व बचाने और इसके समग्र विकास के लिए, सभी नागरिकों को एकजुट होकर विरोध जताना होगा, ताकि यह क्षेत्र वीरान होने से बच सके।

# जनपद शिक्षा केंद्र लवकुश नगर में हुए निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर । मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आज शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय लवकुश नगर में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कक्षा छठवीं के छात्र-छात्राओं को गांव-गांव से आने जाने में परेशानी होने के कारण मध्य प्रदेश शासन की योजना अंतर्गत आज राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया द्वारा लवकुशनगर में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चे बच्चियों को निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें लवकुशनगर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी एन प्रजापति उमाशंकर भाड़ेरिया बीवी द्विवेदी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य प्रभारी प्राचार्य श्री प्रजापति मांच संचालन शिक्षक बीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया



# गोली चलने से फिर ... 

प्रथम पृष्ठ का शेष-

इसी बीच रिपुल ने बिना देखे फायर कर दिया जिससे उसकी मां गंगा के हाथ के परखच्चे उड़ गए, साथ ही शिवहरी भी घायल हो गया। घटना के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां सिटी कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर, सीएसपी अमन मिश्रा, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने उनसे मुलाकात की। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद जल्द ही दोनों को गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि गोली से गंगा दुबे का दाहिना हाथ जख्मी हुआ है, जबकि शिवहरि दुबे के दाहिने हाथ, पेट और सीने में छर्रे लगे हैं। पुलिस ने घटना स्थल का भी निरीक्षण किया है। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, जिस कारण से उक्त घटना हुई है। गोली लगने से एक महिला तथा एक युवक घायल हुआ है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है, जल्द ही आगे की कार्रवाई होगी।

# तानसेन शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में होगी प्रादेशिक गमक संगीत श्रृंखला, ओरछा के केशव भवन में होगा कार्यक्रम

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। संगीत नगरी ग्वालियर में संगीत सम्राट तानसेन की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला विश्वप्रसिद्ध तानसेन संगीत समारोह का यह 100वां वर्ष है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के अथक प्रयासों का ही यह परिणाम है कि शास्त्रीय संगीत का निरन्तर 100 वर्षों तक आयोजित किया जाने वाला संभवतः इकलौता समारोह तानसेन समारोह ही है। इस वर्ष संस्कृति विभाग इस प्रतिष्ठित समारोह को शताब्दी समारोह के रूप में मनाने जा रहा है, जिसमें ग्वालियर के अलावा मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में भी तानसेन शताब्दी समारोह के अंतर्गत संगीत सभाओं सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



इसी के अंतर्गत प्रादेशिक गमक श्रृंखला का आयोजन प्रदेश के शहरों में किया जा रहा है। इस श्रृंखला का पहला आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय परिसर, रीवा में 05 दिसम्बर, 2024 को सायं 06ः00 बजे से किया जा रहा है। संचालक, संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि संध्याकालीन संगीत सभाओं के पूर्व दोपहर 2 बजे से तानसेन केन्द्रित गोष्ठी का आयोजन भी किया जावेगा। जिसमें कला-संगीत के विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि सायं 06ः00 बजे से होने वाली संगीत सभा में सर्वप्रथम पंडित ब्रजभूषण गोस्वामी, दिल्ली का ध्रुपद गायन, तत्पश्चात् राहुल-रोहित मिश्रा, वाराणसी का गायन और अंतिम प्रस्तुति निखिल बड़ौदिया, इंदौर की सितार वादन की प्रस्तुति होगी। इसके बाद स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

अन्य शहरों में होने वाली प्रस्तुतियों की जानकारी :-

मानस भवन, गुना, 06 दिसम्बर, 2024
गायन - विनोद मिश्रा, सतना
सुरबहार-विचित्रवीणा जुगलबंदी - राजेन्द्र विश्वरूप एवं पद्मजा विश्वरूप, ग्वालियर
बांसुरी - संतोष संत, इंदौर

टाउन हॉल, शिवपुरी, 07 दिसम्बर, 2024
गायन - शोभा चौधरी, इंदौर
सितार - स्मिता नागदेव, भोपाल
गायन (कर्नाटक शैली)-सुधा रघुरामन, दिल्ली

केशव भवन, ओरछा, 07 दिसम्बर, 2024
वायोलिन जुगलबंदी - कमल कामले एवं आयुष कामले, इंदौर
ध्रुपद गायन-भाव्या सारस्वत, रतलाम
मोहनवीणा-मनीष पिंगले, पुणे

**तानसेन शताब्दी समारोह**

ग्वालियर में संगीत सम्राट तानसेन की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला तानसेन संगीत समारोह का यह 100वां वर्ष है। एक शताब्दी तक इसकी निरन्तरता और गरिमा दोनों को बरकरार रखना किसी मिसाल से कम नहीं है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग की ओर से संगीत सम्राट तानसेन के प्रति इस समारोह का आयोजन श्रद्धा सुमन है। 100वें वर्ष के अवसर पर संस्कृति विभाग तानसेन शताब्दी समारोह का आयोजन कर रहा है, जिसका मुख्य समारोह तानसेन समाधि स्थल, हजीरा, ग्वालियर में 15 से 19 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष 100 से अधिक भारतीय एवं 10 विदेशी संगीतज्ञ अपनी प्रस्तुतियों से संगीत सम्राट तानसेन को स्वरांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा अनुषांगिक गतिविधियों में चित्र प्रदर्शनी, वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी, रागरंग प्रदर्शनी, पुस्तक/पत्रिका विमोचन, लाइव चित्रकला शिविर, सेमिनार, शोध संगोष्ठी, वादी-संवादी, पर्यटन गतिविधियां इत्यादि सम्मिलित हैं।

# म.प्र.शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। म.प्र.शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा संचालित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ वितरण कार्यक्रम खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंदसिंह राजपूत, विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, पूर्व सांसद राजबहादुरसिंह, पूर्व मंत्री नारायणप्रसाद कबीरपंथी, पूर्व विधायक श्रीमती सुधा जैन, भानू राणा एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एवं समस्त पार्षदों की उपस्थिति में मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मान.श्री गोविंदसिंह राजपूत, विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने नगर निगम क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को उनका स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को 10, 20 एवं 50 हजार रूपये का ऋण उपलब्ध कराने के लिये 18 नवम्बर से 9 दिसम्बर तक चलाये जा रहे, '' स्वनिधि भी स्वाभिमान भी '' पखबाड़ा के अंतर्गत स्वीकृत किये गये 402 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र के 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना अंतर्गत 5 लाख रूपये के निःशुल्क इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस योजना अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के 5218 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बी.एल.सी.घटक के हितग्राहियों को उनकी अंतिम किश्त रू. 50 हजार की राशि का वितरण किया गया। शहर की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये वरूण एवं ममता को स्वच्छता सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। फायर विभाग में कार्यरत फायर फाईटर मुकेश मिश्रा एवं मदन रैकवार को भाग्योदय तीर्थ अस्पताल में आग बुझाने में तत्परता एवं समय पर फायर गाड़ी लेकर पहुँचने पर एवं वाहन विभाग के रोहित आठया को जेसीबी मशीन से आग लगने के दौरान तत्परता से उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक शैलेन्द्र जैन ने नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी 48 वार्डों में विकास कार्यो हेतु 25-25 लाख रूपये की राशि स्वीकृत करने, गुरूद्वारा के पीछे से पटवारी पुलिया होते हुये मोमिनपुरा तक रू. 2 करोड 10 लाख रूपये एवं बोद्वबिहार पुलिया से शब्बीर टायर मोमिनपुरा तक नाला निर्माण कार्य हेतु रू. 1 करोड 60 लाख रूपये कुल रू. 3 करोड 70 लाख रूपये एवं शीतला माता मंदिर पुल से कैथवारी माता मंदिर पुलिया होते हुये भोपाल रोड राजीवनगर वार्ड पुल तक नाला निर्माण हेतु रू. 6 करोड 70 लाख रूपये ,इसके अलावा मोतीनगर चौराहे से धर्मश्री तिराहे तक सड़क चौडीकरण कार्य हेतु 5 करोड़ रूपये, शहर के सभी प्रमुख चौराहों के पुनर्विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु रू. 5 करोड रूपये विशेष निधि से अनुदान स्वीकृत करने हेतु नगरीय विकास एवं आवास मंत्री को मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम के दौरान विधायक शैलेन्द्र जैन ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के सफलता के लिये नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की सराहना की। कार्यक्रम सभी एम.आई.सी.सदस्य, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी सागर विधानसभा के 249 बूथों के त्रिदेव की शोभायात्रा निकाली गइ

## जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन द्वारा भारतीय जनता पार्टी सागर विधानसभा के सभी 249 बूथों के त्रिदेव (बूथ अध्यक्ष महामंत्री एवं बी एल ए) की शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में सभी को पगड़ी पहना कर उनका सम्मान किया गया यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों द्वारा अपनी दुकानों और घरों से बाहर आकर तथा घरों की छत से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया,यात्रा को मध्य प्रदेश शासन के यशश्वी नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी का ध्वज दिखाकर रवाना किया,शोभायात्रा महाकवि पद्माकर सभागार से मोतीनगर चौराहा,चमेली चौक,बड़ाबाजार, चकराघाट से एलिवेटेड कॉरिडोर होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा होते हुए वृंदावन बाग मंदिर पर समाप्त हुई वहां सभी कार्यकर्ताओं को भोजन हुआ इस अवसर पर ,निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,महामंत्री श्याम तिवारी,जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया,मंडल अध्यक्ष श्री विक्रम सोनी, मनीष चौबे, रीतेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एड्स जैसी महामारी को यदि जड़ से खत्म करना है तो इस बीमारी के प्रति समाज के हर व्यक्ति को जागरुक करना हम सभी का कर्तव्य है-प्राचार्य

**-लिखे हुए स्लोगन से लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना ही हम सभी का उद्देश्य है-कीर्ति ठाकुर**

**-शासकीय कन्या महाविद्यालय में एड्स रोकने के लिए जन जागरूकता विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना- गुरुवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत रेड रिबन क्लब ने एड्स रोकने के लिए जन जागरूकता विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

***एड्स रोकने के लिए लोगों में जागरूकता जरूरी- डॉ चंद्रा***

इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ चंद्रा रत्नाकर ने कहा कि भ्रांतियां मिटा दो जमाने से एड्स नहीं फैलता साथ खाने से।उन्होंने कहा कि एड्स जैसी महामारी को यदि जड़ से खत्म करना है तो इस बीमारी के प्रति समाज के हर व्यक्ति को जागरूक करना हम सभी का कर्तव्य है क्योंकि किसी भी देश का विकास वहां के व्यक्ति के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है।

प्रतियोगिता प्रभारी कीर्ति ठाकुर ने छात्राओं को इस गंभीर बीमारी के बारे में कहा कि लिखे हुए स्लोगन से लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना ही हम सभी का उद्देश्य है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया।

***ये सब छात्राएं रही टॉप***

प्रतियोगिता में पहले नंबर पर आई छात्रा दीपाली यादव ने लिखा कि खुद को शिक्षित और जागरूक बनाओ, एड्स की बीमारी से पूरे परिवार को बचाओ। दूसरे नंबर पर मुस्कान विश्वकर्मा और मुस्कान कुशवाहा ने लिखा एड्स है जानलेवा बीमारी है, इस मिटाना हम सब की जिम्मेदारी है। तीसरे नंबर पर आई दीपांशी विश्वकर्मा और शीतल ठाकुर ने लिखा एड्स दिवस पर है यह नारा एड्स मुक्त हो विश्व हमारा।

प्रतिभागी अधिकांश छात्रों ने जन जागरूकता के लिए स्लोगन लिखकर समाज को जागरूक करने का काम किया। इस मौके पर डॉ दीप माला सिंह, प्रकाश चंद्र, आरती ठाकुर, नवीन नामदेव, राजीव लोधी, अश्विन सेन सहित छात्राएं मौजूद रही।

# एक ऑटो चालक चलती हुई मालगाड़ी के बीच में घुसा

## -आत्महत्या करने की नीयत से आया था, आरपीएफ के जवानों ने बचाया

## -प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर रेफर कर दिया

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/एक ऑटो चालक चलती हुई मालगाड़ी के बीच में घुसा आत्महत्या करने की नीयत से आया था, आरपीएफ के जवानों ने बचाया प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर रेफर कर दिया।मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से गुजर रही मालगाड़ी से एक ऑटो चालक ने आत्महत्या करनेका प्रयास किया। वहां ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के जवानों ने उसे बचा लिया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो चालक पप्पू पिता दामोदर अहिरवार (50) निवासी भीम वार्ड बीना गुरुवार की सुबह जान देने के लिए प्लेटफार्म नंबर दो से निकल रही एक चलती हुई मालगाड़ी के बीच में जाकर घुसने का प्रयास करने लगा। इसी बीच वहां ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के जवानों ने जैसे ही व्यक्ति को देखा तो उसे तत्काल खींच लिया। इस दौरान ऑटो चालक के दोनों पैरों के पंजे कट गए। गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर रेफर कर दिया।ऑटो चालक ने आत्महत्या करने की कोशिश क्यों की इसका कारण अभी बताया अज्ञात बताया जा रहा है।



# मातृ शक्ति संगठन का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

## पांच कन्याओं के होंगे हाथ पीले, धूम से निकलेगी बारात, होगी विदाई



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मातृ शक्ति संगठन टीकमगढ़ द्वारा पांच कन्याओं के हाथ पीले किए जा रहे हैं। विवाह पंचमी पर होने जा रहे सामूहिक कन्या विवाहोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह आयोजन नजरबाग मंदिर परिसर में होने जा रहा है। संगठन द्वारा वर एवं कन्या पक्ष के ठहरने एवं उनके भोजनादि की व्यवस्था की गई है। मातृ शक्ति संगठन ने अब तक शासन के बिना किसी सहयोग से जहां समाजसेवा की है, वहीं संगठन सदस्यों के प्रयासों से विवाह पंचमी को पांच कन्याओं के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। यह बात पत्रकारों से चर्चा करते हुए संगठन की अध्यक्ष श्रद्धा चौहान ने व्यक्त किए। उन्होंने संगठन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि संगठन अब तक जिले में अनेक बुजुर्गों की मदद करता आ रहा है। इसके साथ ही कई बुजुर्गों को उनके परिवार से मिलाने में भी सफलता हासिल की है। संगठन द्वारा बेसहारा बच्चों एवं बुजुर्गों की मदद की जाती रही है। महिला संगठन द्वारा मुक्ति धाम पहुंचकर अब तक कई अनाथ लोगों के अंतिम संस्कार तक किए गए है। जबकि महिलाओं को इस कार्य के लिए कई बार आलोचना भी झेलना पड़ी। श्रीमती चौहान ने बताया कि समाजसेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं होता। संगठन ने निस्वार्थ भाव से समाजसेवा की है। इस आयोजन के दौरान देश की ख्याति प्राप्त समाजसेवियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर के समाजसेवियों का भी सम्मान किया जाएगा। श्रीमती चौहान ने बताया कि मातृ शक्ति संगठन ने जिले में अपनी एक नई पहचान बनाई है। इस दौरान कई बार ऐसे भावुक पल भी आए, जब मीडिया कर्मियों में सन्नाटा पसर गया। उन्होंने कहा कि पत्रकार भाई भी इस आयोजन में आगे आएं, और जो सहयोग बन पड़े, जरूर करें। इस दौरान कन्या विवाह में पत्रकारों में भी श्रीपाल नायक, गिरीश खरे, अकरम खान सहित अनेक पत्रकारों ने भी अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती चौहान ने कहा कि कार्यक्रमों के दौरान अब तक संगठन कई सुखद और दुखद अनुभवों से गुजरा है। कई गरीब बच्चों को इलाज कराकर उन्हें और संगठन को जो खुशी मिली है, वह अपने आप में महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिंदगी और मौत के बीच झूलते गरीब परिवारों के बच्चों को जिंदगी दिलाने में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी गई, प्रयास है कि आगे भी इस तरह के कार्यों को बढ़े पैमाने पर किया जाए। शादी समारोह के बाद उन्होंने तखा ग्राम के एक बच्चे का इलाज कराने का बीड़ा उठाया है। इस कार्य में भी उन्होंने लोगों से मदद की अपील की है। मातृ शक्ति संगठन की जन सेवा और कार्यों में होने वाली कमियों से भी अवगत कराने के लिए उन्होंने पत्रकार भाईयों से आग्रह किया है। इस अवसर पर डां हर्षित तिवारी द्वारा भी विचार व्यक्त कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए की गई तैयारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस दौरान वर एवं कन्या पक्ष से अपने साथ पचास-पचास सदस्यों को ही लाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि सुबह 11 बजे शहर में बारात निकाली जाएगी। इस दौरान घोड़ा, बैंड आदि सभी शामिल होंगे। बारात के बाद मंच पर अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम होगा। इसके बाद विवाह की रस्में पूरी होगी। शाम छह बजे विदाई कार्यक्रम होगा। वार्ता के अंत में संगठन की श्रीमती रश्मि शुक्ला ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर मीनू गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त कर आयोजन पर प्रकाश डाला। बताया गया है कि इस अवसर पर श्रद्धा चौहान, रश्मि शुक्ला, मधु मिश्रा, शिवांगी पाठक, मीनू गुप्ता, जय सिंह, सीमा पटैल, हर्षित तिवारी, संध्या सोनी, स्वाति सिंह, नीरज द्विवेदी, किरण अवस्थी सहित संगठन की अनेक सदस्य मौजूद रहीं। इस दौरान बताया गया कि समाजसेविका नीरज द्विवेदी द्वारा कन्याओं के विवाह में टीबी देकर महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया। इसके अलावा अन्य संस्थाओं एवं सदस्यों द्वारा भी आयोजन की कामयाबी के लिए सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान कई समाजसेवी संस्थाओं एवं समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इनमें कई ऐसे भी समाजसेवी हैं, जो बिना किसी प्रचार प्रसार के समाजसेवा करते आ रहे हैं।

# इनाम का लालच दिखाकर दस लाख की ठगी करने वाले दो आरोपियों को दबोचा

## भोपाल निवासी बताए गए है दोनों आरोपी, श्रीमती अनीशा के खाते से उड़ाई थी नगदी




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस द्वारा धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सदस्यों को पकड़ा गया। बताया गया है कि आरोपियों ने इनाम का लालच देकर 10 लाख रूपए की ठगी की थी। आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा भोपाल से गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। बताया गया है कि पूर्व में ठगी की गई राशि होल्ड कराई गई थी। इस संबन्ध में बताया गया है फरियादी श्रीमति अनीशा बेगम सिद्दीकी जैन मंदिर के पास जतारा की रहनें वाली है। इनका भारतीय स्टेट बैंक शाखा जतारा में खाता क्रमांक- 11255102079 संचालित है। दिनाँक 09 फरवरी 23 को समय सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच प्रार्थिया के मोबाईल नंबर 9644232376 एवं 7804001270 पर मोबाईल नंबर 9516808558, 9155834245, 8272984382 एवं 6269260255 से फोन आये और बोले कि आपका इनाम निकला है और प्रार्थिया से धोखा धड़ी कर इसके उपरोक्त खाता क्रमांक 11255102079 से लगभग 10 लाख 24 हजार रुपये निकाल लिये गये हैं। जतारा पुलिस द्वारा उक्त घटना पर अपराध क्रमांक 202/23 धारा 420 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। बताया गया है कि घटना के बाद तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संबन्धित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीतारामए एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जतारा निरीक्षक अरविन्द सिंह दांगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल की मदद से कई बैंक खाते एवं मोबाईल नंबरों का विश्लेषण कर आरोपियों का पता लगाकर दो आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों का विवरण देते हुए बताया गया है कि पंजाब नेशनल बैंक खाता क्रमांक 2129100100007892 का धारक आरोपी योगेश मेहरा पिता गंगाराम मेहरा उम्र 30 बर्ष निवासी 3100 शिवाजी बाडा बरखेडा पठानीं हुजूर भेल भोपाल एवं कैनरा बैंक खाता क्रमांक 110099619093 का धारक आरोपी देव यादव पिता देवेन्द्र यादव उम्र 22 बर्ष निवासी मकान नंबर 04 गली नंबर 02 राधाकृष्ण मंदिर के पीछे बरखेड़ी भोपाल को गिरफ्तार किया गया है। जिन से प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी के संबंध में पूंछतांछ कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इस मामले का खुलासा करने में जिन पुलिस कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका की रही है, उनमें निरीक्षक अरविन्द सिंह दांगी, उप निरीक्षक मयंक नगाईच, केएस ठाकुर, आरएल कौल, प्रधान आरक्षक रहमान खान, अमर चंद्र, नरेन्द्र राजपूत, आरक्षक राजुवीर, राघवेन्द्र सिंह, जितेन्द्र दिनकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# खाद की कालाबाजारी से उड़ी नींद, सड़कों पर उतरे किसान

## जतारा सहित आसपास के इलाकों में मची खाद को लेकर मारामारी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। खाद की कालाबाजारी और धांधली के चलते किसानों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। खाद के अभाव में किसानों को व्यापारियों से मनमाने दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। इन दिनों खाद की कमी और किसानों की परेशानियों ने सरकार और प्रशासन की छवि पर गहरा असर छोड़ा है। किसानों की मानें तो उन्हें अब तक शासन और प्रशासन की ओर से केवल आश्वासन ही हाथ लगे हैं। यदि खाद के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो इस साल भी किसानों को कर्ज और गरीबी की मार झेलने को मजबूर होना पड़ेगा। जिले की नगर परिषद जतारा सहित आसपास के इलाकों में खाद के लिए परेशान किसानों ने गुरुवार को जाम लगा दिया। एसडीएम दफ्तर के बाहर किसानों ने खाद की काला बाजारी के आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। जाम लगने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाते हुए जाम हटाने की अपील की। किसानों को एक बार फिर आश्वासन दिया गया है। अब देखना है कि किसानों की परेशानी दूर करने में प्रशासन कहा तक कामयाब होता है। जतारा निवासी प्रमोद कुशवाहा, सुरेश अहिरवार ने बताया कि पिछले 1 महीने से डीएपी खाद के लिए किसान परेशान हैं। लगातार समिति के चक्कर लगाने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रहा है। आज नाराज किसानों ने एसडीम के दफ्तर के बाहर जाम लगा दिया। किसानों ने खाद की काला बाजारी के आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की।



किसानों के प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी और तहसीलदार वंदना सिंह ने मौके पर पहुंचकर किसानों की बात सुनी। इस दौरान किसानों ने कहा कि सुबह से लेकर शाम तक खाद के लिए लाइन लगाकर खड़े रहते हैं, लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। खाद नहीं मिलने से रबी फसलों की बोवनी 15 दिन लेट हो गई है। अगर जल्द ही खाद नहीं मिला तो फसलों की बोवनी नहीं हो पाएगी। इस दौरान तहसीलदार ने किसानों को कल से डीएपी खाद उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। इस दौरान करीब 1 घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा। तहसीलदार की समझाइश के बाद किसानों ने जाम हटाया।

***विधायक ने भी दिए निर्देश-***

प्रदेश महामंत्री एवं जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा जतारा विधानसभा में खाद पर्याप्त मात्रा में आ गया है, मशीनों का कोड आते ही कल से खाद पूरी विधानसभा क्षेत्र में किसानों को मिलेगा। भाजपा की सरकार रहते हुए टीकमगढ़ जिले के किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। यह बात विधायक हरिशंकर खटीक ने कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी खाद्य की काला बाजारी करेगा, उन पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। हमने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि काला बाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# ठेकेदार द्वारा बनाई गई घटिया पुलियों को लोक निर्माण विभाग के अधिकारीयों नें जेसीबी मशीन से कराया नष्ट

## ठेकेदार संतोष गुप्ता को उठानी पड़ी बारह लाख से अधिक की क्षति





ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में निर्माणधीन मठली-पाठा सड़क की पुलियों में गुणवत्ता के मानकों से समझौता करना ठेकेदार को बहुत महंगा पड़ा है। लोक निर्माण विभाग के तकनीकी अधिकारियों ने घटिया निर्माण के खिलाफ सख्त निर्णय लेते हुए 4 पुलियों को बुलडोजर चलवाकर पूरी तरह से ध्वस्त करवा दिया। पुलियों पर बुलडोजर चलने से ठेकेदार को 12 लाख रुपए की क्षति उठानी पड़ी है। मजेदार बात यह है कि कार्यवाही में आए खर्च की भरपाई ठेकेदार के बिल में कटौती करके की जाएगी। ज्ञात हो कि पुलियों का कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने पर विभाग के अधिकारियों द्वारा 2 माह से ठेकेदार को चेतावनी दी जा रही थी। उसके बावजूद ठेकेदार द्वारा अनसुनी की जा रही थी तथा मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। ज्ञात हो कि लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत बिलखुरा से मठली पाठा के लिए लगभग पांच किलो मीटर से अधिक की लंबाई की सड़क पांच करोड़ अठ्ठाईस लाख की लागत से बनाई जा रहीं थी। जिसमें व्याप्क स्तर पर अन्नमित्ताओ की शिकायते स्थानीय लोगो द्वारा की जा रही थी। ठेकेदार द्वारा आचार संहिता के दौरान बिना विभागीय स्वीकृति के कार्य प्रांरभ करा दिया गया था। साथ ही बिलखुरा ग्राम के प्राचीन तालाब को भी नष्ट करने का कार्य किया है, तथा सड़क का निर्माण तालाब के नीचे से न करके तालाब की मेंड़ से ही कर दिया है। इसके अलावा अमानक मटेरियल से सड़क तथा पुलियों का निर्माण लगातार जारी था। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गई है। ठेकेदार संतोष गुप्ता घटिया निर्माण कार्य कराने के मामले में जिले में चर्चित है। इनके द्वारा कराये गये निर्माण कार्य कुछ ही दिन बाद धराशाई हो जाते है।

# दूसरे दिन हुई एक करोड़ चालीस लाख के हीरो की नीलामी

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना कलेक्टर कार्यालय के हीरा कार्यालय में चार दिसम्बर से उथली हीरा खदानो की नीलामी चल रहीं है। जिसमें चार दिसम्बर को एक करोड़ अठारह लाख के हीरे नीलाम हुए थें तथा दूसरे दिन हीरा व्यापारीयों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा एक करोड़ चालीस लाख के हीरे नीलाम हुए है। जिसमें सत्रह व्यापारीयों द्वारा तैतिस थान कुल वजन 77.65 कैरिट के हीरे नीलामी में खरीदे है तथा एक करोड़ चालीस लाख की रकम में उक्त हीरे नीलाम हुए है। सबसे बड़ा हीरा 16.10 कैरिट का जिगनेश भाई साह गुजरात द्वारा 97 लाख 56 हार 600 रूपयें में 6 लाख 6 हजार की दर से खरीदा है। जो अन्य हीरे नीलाम हुए है, उनमें मोहन लाल जड़िया द्वारा 3.77 कैरिट का हीरा 3 लाख 1 हजार 977 रूपये में खरीदा है, इसी प्रकार 3.75 कैरिट का हीरा श्रीमती ज्योतिस्ना गुप्ता द्वारा 75 हजार में खरीदा गया है। इसी प्रकार 4.20 कैरिट का हीरा बीएस एशोसिएट सतेन्द्र जड़िया द्वारा 6 लाख 77 हार चालीस रूपये में खरीदा गया है। इसी प्रकार 3.21 कैरिट का हीरा अब्दुल सलीम द्वारा 3 लाख 88 हार 410 रूपये मे खरीद गया है। इसी प्रकार 6.14 कैरिट का हीरा गगन जड़िया द्वारा 7 लाख 61 हजार में खरीदा गया है। इसी तरह 2.64 कैरिट का हीरा कैलाश कुशवाहा द्वारा 8 हजार 184 में खरीदा गया है। इसी तरह 3.13 कैरिट का हीरा मोहन लाल जड़िया ने 1 लाख 59 हजार 630 रूपये मे खरीदा है। 6.44 कैरिट का हीरा भूपेन्द्र सिंह द्वारा 1 लाख 30 हजार 88 रूपये मे खरीदा है, 6.54 कैरिट का हीरा विकास चौरसिया द्वारा 17 हजार 4 रूपये मे खरीदा है। इसी तरह 6.93 कैरिट का हीरा शुभम सोनी नें एक लाख तीन हजार नौ सो पचास रूपये मे खरीदा है। इसी तरह 2.88 कैरिट का हीरा पवन सोनी द्वारा 2 लाख 60 हजार 640 रूपयें मे खरीदा है। इसी तरह अभीषेक सोनी द्वारा 1.37 कैरिट का हीरा 9 हजार 590 रूपये में खरीदा है। 3.47 कैरिट का हीरा अब्दुल सलीम द्वारा 94 हजार 37 रूपये मे खरीदा है। .45 का कैरिट का हीरा सारांश विश्वास द्वारा 9245 रूपये में खरीदा है।



# दिव्यांग छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में गुरूवार को दिव्यांग छात्रावास पन्ना में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह उपचार शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्रावास के समस्त 42 दिव्यांग बच्चों का जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक व मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार कर नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया। बच्चों को फल एवं बिस्किट भी वितरित किए गए। छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर भी लगाया गया। इसके माध्यम से दिव्यांग बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, दिव्यांगजनों से संबंधित अधिनियम के प्रावधानों, दिव्यांगों के अधिकार तथा अन्य समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते सहित डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. शोभित तिवारी, जयदीप हटीला, राणाप्रताप सिंह, डीपीसी अजय गुप्ता, आशीष सोनी, देवशरण गर्ग, विकास पटेल, मिथलेश सेन, राजकुमारी मिश्रा एवं देवी सिंह बेलदार भी उपस्थित रहे।




# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा देश की जनता की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक किया जा रहा बुलंद:-डी.के.दुबे

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के उपाध्यक्ष डी. के. दुबे ने कहा कि नेता हो तो राहुल गांधी जैसा जो जनता के साथ हर सुख-दुख में खड़ा रहे। राहुल गांधी देश के उन नेताओं मे सुमार हो गये हैं, जिसकी लोग जगह जगह चर्चा कर रहें है। उत्काश्क के विचार जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डीके दुबे नें साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी के अन्दर देश की जनता के प्रति दया संवेदना तथा दूसरो का दर्द महसूश करने का साहस है। इनके द्वारा संम्भल में हुई हिंसा को लेकर पीड़ितो मिलने का लगातार प्रयास किया गया। लेकिन योगी तथा मोदी द्वारा प्रशासन के माध्यम से जाने नहीं दिया गया। जबकी ये वही राहुल गांधी हैं जो 5 बजे भोर में ही उठकर हाथरस के पीड़ितों से मिलने पंहुच गयें तथा पीड़ित परिवारों के साथ मुश्किल समय में ये आदमी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें। इसी प्रकार राहुल गांधी मणिपुर जाते हैं, वहां वो नफरत की आग में झुलस रहे लोगों की जिंदगी में उम्मीद की एक वजह बनते हैं। मणिपुर के भोले भाले लोगों के जख्मों पर मरहम लगाते हैं, मणिपुर हैरान परेशान लोग राहुल के गले लगकर रोते हैं। राहुल उनके आंसू पोछते हैं। राहुल गांधी लखीमपुर जाकर उन किसानों के कंधे पर हाथ रखते हैं, जिनके परिवार के लोगों को भाज पा नेता और मोदी के मंत्री का बेटा जीप से कुचलकर मार डालता है। इस देश के बेकसूर लोग जिनकी आंखो में आंसू सरकार की लापरवाही के कारण हैं, उस हर शख्स के आंसू राहुल गांधी पोंछ रहे हैं। श्री दुबे ने कहा कि देश के लोग एक नेता से यही तो उम्मीद करते हैं कि उसके दु:ख-सुख में उसका नेता उसके साथ खड़ा रहे। जो जिम्मेदारी सरकार और प्रधानमंत्री की होती है। वो जिम्मेदारी राहुल गांधी निभा रहे हैं। देश में कहीं किसी को दुख-तकलीफ हो, वहां राहुल गांधी जरूर पहुंचते हैं। राहुल छात्रों के साथ खड़े मिलते है, बेरोजगारों और मजदूरों के साथ खड़े मिलते हैं, महिलाओं और किसानों के साथ खड़े मिलते हैं, शोषण और अन्याय के खिलाफ शोषितों और पीड़ितों के साथ खड़े मिलते है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी. के. दुबे ने कहा कि जो लोग राहुल गांधी को पार्टटाइम पॉलिटिशियन बताते थे, उनका मुंह बंद हो चुका है। इस बात को आम आदमी समझ चुका है।



# हर्ष फायर करना बाप बेटे को पड़ा महंगा, गुनौर थाना में मामला हुआ दर्ज

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के थाना गुनौर अंतर्गत एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करना बाप बेटे को महंगा पड़ गया और पुलिस ने हर्ष फायर करने पर दोनों पर मुकदमा दर्ज कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त मामले में गुनौर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत 3 दिसंबर 2024 को अपराध क्रमांक 354/2024 धारा बीएनएस 125, आर्म्स एक्ट 25 एवं 30 के तहत पुरुषोत्तम तिवारी पिता बृजमोहन तिवारी एंव उनके पुत्र दीपक तिवारी पिता पुरषोत्तम तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि गुनौर के श्री ओम मैरिज गार्डन में एक शादी समारोह के दौरान गुनौर में पिता पुत्र द्वारा लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की गयी और अपना रौब दिखाने के लिए वीडियो को दीपक तिवारी द्वारा फेसबुक आईडी से शेयर किया गया था। उक्त घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक पन्ना एस साईं कृष्ण थोटा को प्राप्त हुई जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए एसपी पन्ना ने थाना प्रभारी गुनौर सुशील अहिरवार को लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने व सम्बंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए जिसके बाद थाना प्रभारी गुनौर ने उक्त शिकायत की जांच कराकर 3 दिसम्बर को गुनौर निवासी पिता और पुत्र दोनों पर अपराध कायम कर लिया गया और मामले को विवेचना मे लिया गया है। गौरतलब है कि शासन द्वारा हर्ष फायर पर प्रतिबन्ध लगाया गया है और यदि कोई उल्लंघन करता है तो लइसेंस निरस्त करने का प्रावधान है। इसके बाद भी उक्त लोगो के द्वारा हर्ष फायर किये गयें। लाइसेंसी बन्दूक से हर्ष फायर कर शासन के नियमों की धज्जिया उड़ा रहे थे जिसकी शिकायत मिलने पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देश पर थाना प्रभारी गुनौर ने बाप बेटे दोनों पर मुकदमा दर्ज किया है।



# समाज में महिलाओं और पुरुषों की भागीदारी पर किया संवाद

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 10 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में आज शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय, शहरी परियोजना कार्यालय से अंजली गुप्ता सहित अन्य उपस्थितजनों ने चाइल्ड हेल्पलाइन, पॉस्को एक्ट, 181 हेल्पलाइन, साइबर क्राइम और समाज में महिलाओं एवं पुरुषों की भागीदारी पर जागरूकता संवाद किया। छात्र-छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी गई।

# पंचकल्याणक में माता की गोद भराई के साथ गर्भ कल्याणक उत्तर संपन्न







**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। शिवनगर पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन गर्भकल्याणक उत्तर के साथ माता की गोद भराई की गई। तीसरे दिन शुक्रवार को सुबह तीर्थंकर बालक के जन्म की खुशियां मनाई जाएगी। शिवनगर पंचकल्याणक महोत्सव में गुरुवार को प्रातः श्री जी के अभिषेक उपरांत शांति धारा पूजन संपन्न हुई। इस अवसर पर शांति धारा करने का सौभाग्य डॉ अमित प्रकाश पंडित अखिलेश जैन एवं आशीष सिंघई को प्राप्त हुआ। विधान के महापात्रों के साथ इंद्र इंद्राणियों ने नव देवता पूजन करके 24 तीर्थंकर भगवान के गर्भ कल्याण के अर्घ्य समर्पित किये। इस मौके पर मुनि श्री अभय सागर जी महाराज संघ के मंच पर मंगल आगमन पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित इंद्राणियों ने मंगल अगवानी की। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई एवं जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई, अंकित मित्र और डॉ अनिल चौधरी ने मुनि संघ को शास्त्र भेंट किये। टण्डन बगीचा मन्दिर एवं राजीव कॉलोनी के भक्त जनों ने द्रव्य समर्पित की। दोपहर में माता-पिता की गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न हुआ सोधर्म इंद्राणी ने अपनी सहेलियों के साथ मां की गोद भराई संपन्न हुई। रात्रि में महाराज नाभि राय के दरबार के साथ इंद्र सभा हुई। जिसमें तीर्थंकर बालक के माता के गर्भ में आने की सूचना सभी को प्राप्त हुई।

तीर्थंकर बालक का जन्म कल्याणक आज मनाया जाएगा- पंचकल्याण महोत्सव में आज 6 दिसंबर को जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।अयोध्या नगरी में शुक्रवार भगवान का जन्म प्रातः 8 ,23 पर वाद्य यंत्रों के साथ धूमधाम से जन्म कल्याण की क्रियाएं जैन संस्कार और जन्मोत्सव अतिशय होंगे। शच्ची संवाद होगा। सोधर्मेंद्र द्वारा 1008 नेत्रों के द्वारा तीर्थंकर बालक का प्रथम दर्शन किया जावेगा 9 बजे मुनि श्री के मंगल प्रवचन होंगे। 12:30 जन्मभिषेक ऐरावत हाथी से सुमेरु पर्वत की ओर इंद्रगमन होगा। पडुकशीला पर सौधर्मेंद्र द्वारा 1008 कलश से जन्मभिषेक होगा। सचि इंद्राणी द्वारा दोपहर 3:00 घटयात्रा मंदिर बेदी शुदी कलश शुद्ध ध्वज शुद्ध शाम को 4:00 बजे मुनि श्री के मंगल प्रवचन होंगे। शाम को 7 बजे महा आरती, 7:30 शास्त्र सभा, रात्रि 8:00 बजे महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण द्वारा तांडव नृत्य आनंद कूट नाटक पालना बाल कीड़ा संपन्न होगी। महोत्सव समिति के संयोजक महेश दिगंबर एवं सहसंयोजक रेशु शंघई ने व्यवस्थाओं में सहयोग और कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

तीर्थंकर के पंचकल्याणक होते हैं-मुनि श्री प्रभात सागर - तीर्थंकर भगवान के पंचकल्याणक होते हैं पंच कल्याणक सभी मोक्ष गामी जीवों के नहीं होते संसार का यह विशेष पद आश्चर्य पैदा करता है तीर्थंकर के वैभव को शोधर्म इंद्र भी नमस्कार करता है तीर्थंकर बनने वाले की पांच कल्याणक भारत एवं ऐरावत क्षेत्र में होते हैं सम्यक दृष्टि जीव ही सदैव तीर्थंकर बनता है सम्यक दृष्टि गृहस्त भी हो सकता है तीर्थंकर जहां जन्म लेते हैं वहां चारों तरफ खुशहाली छा जाती है। उपरोक्त विचार मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज ने पंचकल्याणक के दूसरे दिवस प्रातः काल अपने मंगल प्रवचनों में अभिव्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि सोधर्म इंद्र रतन वृष्टि करता है वह एक बार में 3:30 करोड़ रतन की वर्षा करता है ऐसा तीन बार होता है तीर्थंकर बालक का जन्म होने के पूर्व मां के गर्भ में संस्कार दिए जाते हैं आज मां अपने बच्चों को संस्कार नहीं दे पा रही हैं उसके दुष्परिणाम समाज में देखने को मिल रहे हैं बच्चे मोबाइल से संस्कार विहीन हो रहे हैं वे उसका उपयोग कम दुरुपयोग ज्यादा कर रहे हैं बच्चों के मोबाइल के उपयोग पर माता-पिता को नजर रखनी चाहिए आज मां की कोख में संस्कारवान अभिमन्यु पैदा नहीं हो रहे हैं भारतीय संस्कृति में संस्कारों को बहुत अधिक महत्व दिया गया है जो आज भूलते जा रहे आज की माता-पिता अपनी संतानों को अच्छे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं जिसकी बहुत आवश्यकता है बहुत से माता-पिता अपने प्राण से प्यार संतान का गर्व में ही गर्भपात करा देते हैं मां जन्मदातरी है किंतु वह गर्भ गिराती है तो वह हथियारन है उसे नर्क में भी स्थान नहीं मिलता। इसके पूर्व प्रात काल शांति धारा का पाठ करने के बाद मुनि श्री प्रयोग सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि पंचकल्याणक की क्रियाएं सामान्य नहीं है यह हमारे जीवन में बहुत प्रभाव डालते हैं हमारे जीवन में सात परम स्थान हैं उत्कृष्ट पर्याय उच्च कुल उच्च धर्म विवेक बुद्धि और उत्कृष्ट संयोग मिलना बहुत कठिन है जिन लोगों ने पंचकल्याणक में अपने धर्म का प्रयोग किया है वे अत्यंत सौभाग्यशाली हैं।

## राज्यमंत्री श्री पटेल दमोह में सरपंच, सचिवों के प्रशिक्षण में शामिल हुए

### गौण खनिज राशि के विषय मे दिए आवश्यक निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 05 दिसंबर। प्रदेश के पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल आज संयुक्त कलेक्टर कार्यालय के सर्व शिक्षा अभियान के सभा कक्ष में सरपंच ,सचिवों और शिक्षकों के प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और अधिकारी गण उपस्थित थे।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा पूर्व में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में गौण खनिज राशि से स्कूलों की मरम्मत करने का निर्णय लिया गया था,करीब 186- 187 स्कूलों की मरम्मत सुधार कार्य के लिए राशि जारी की गई है, इस राशि का बेहतर ढंग से उपयोग हो,स्कूलों का आवश्यक मरम्मत कार्य ठीक ढंग से हो । उन्होंने कहा ताकि बच्चो को बेहतर व्यवस्था स्कूलों में दी जा सके। श्री पटेल नेअधिकारियों को भी इन कार्यो की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए ।

प्रशिक्षण मे गौण खनिज राशि मद से स्कूलो की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यो को लेकर आवश्यक चर्चा की गई और सरपंच सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## कर्क रेखा जिले के लिए महत्वपूर्ण है, इससे पर्यटन के नक्शे पर दमोह जिले को और अधिक उभरने में मदद मिलेंगी -कलेक्टर श्री कोचर

### भारत सरकार की टीम ने किया सर्वे, जिले में दो जगहों पर कर्क रेखा चिन्हांकित



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 04 दिसम्बर। जिले के लिए यह एक महत्वपूर्ण बात है और इससे पर्यटन के नक्शे पर दमोह जिले को और अधिक उभरने में मदद मिलेंगी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है दमोह जिला पर्यटन और पुरातत्व की दृष्टि से बहुत ही समृद्धशाली जिला है, यहाँ पर इस बात के प्रमाण पाए गए थे की कर्क रेखा यहाँ से गुजरती हैं। इस संबंध में सर्वे ऑफ इंडिया (भारतीय सर्वेक्षण विभाग) की एजेंसी है, उनसे संपर्क किया था। आज तेंदूखेड़ा क्षेत्र में टीम आई थी और उन्होंने दो जगह कर्क रेखा चिन्हांकित की हैं। उन्होंने बताया पहली जगह ग्राम पिंडरई और दूसरी जगह ग्राम बगदरी चिन्हांकित की हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया अभाना-तेंदूखेड़ा हाइवे पर ग्राम पिंडरई से कर्क रेखा निकल रही हैं। साथ ही तेंदूखेड़ा-रहली मार्ग पर ग्राम बगदरी से कर्क रेखा निकल रही हैं, आज टीम ने प्रारंभिक सर्वे पूरा कर लिया है। कल उनका अंतिम सर्वे पूरा हो जाएगा और संभावना हैं कल ही उस सड़क के ऊपर पेंट से लाइन डाल दी जाएगी और कल या अधिक से अधिक परसों तक यह प्रयास किया जायेगा।

उन्होंने कहा यह एक महत्वपूर्ण इनपुट हैं, कि आज करीब 10 लोगों की भारत सरकार की टीम जिसमें काफी वरिष्ठ अधिकारी आज वहाँ पर आए थे और टीम ने दोनों जगह का सर्वे किया है, उस सर्वे के बाद फिर ये निष्कर्ष उन्होंने निकाले हैं।

उप अधीक्षण सर्वेक्षक अधिकारी जय प्रकाश पाटीदार ने बताया हमने आज यहाँ पर कर्क रेखा के लिए स्टैक आउट विधि चार पॉइंट्स चिन्हांकित किए हैं, इसको आगे वेरीफाई किया जायेगा। उन्होंने कहा वेरीफाई के बाद रेखा फाइनल हो जाएगी कि सड़क पर कहा से टॉपिक ऑफ़ कैंसर जा रही है।



# योगी सरकार शीतकालीन सत्र में पास करे पत्रकार सुरक्षा कानून - गोपाल चतुर्वेदी

## पत्रकार सुरक्षा कानून समय की मांग-भानु प्रकाश शर्मा

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के आगरा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने लोक तंत्र के चौथे स्तंभ पर वर्तमान मै चल रहे हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर मांग की है कि पत्रकारों की सुरक्षा का कानून इस शीतकालीन सत्र में पास कर पत्रकारों को उनका वास्तविक हक प्रदान करें।

पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा चिंता का विषय है , पिछली सरकारों ने भी पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, वर्तमान भाजपा सरकार का भी 7 साल से अधिक का समय पूर्ण हो चुका है अभी तक उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान की सिर्फ खोखली वात ही होती रही है कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया ।

उत्तर प्रदेश के तमाम पत्रकारों को योगी आदित्यनाथ की सरकार से विशेष उम्मीद है कि पत्रकार हित मैं इस वर्तमान सरकार मै जरूर उनके मन की बात को सुनकर पूर्ण किया जायेगा। पूर्व मै विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने भी पत्रकारों के हित के लिए नियम 115 के तहत प्रमुख सचिव विधान परिषद को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था पत्रकार सुरक्षा कानून वर्तमान समय मैं पत्रकारों के लिए उपयोगी साबित होगा।

सरकारी तंत्र की मनमर्जी के साथ साथ अराजकतत्वों के खिलाफ जिस प्रकार समाचार प्रकाशित करने पर भय का वातावरण बनाया जाता है जिसके कारण कलमकार खुल कर अपनी बातो को जनता के समक्ष नही रख पा रहा है। जो पत्रकार सरकार के भरोसे भय को त्यागकर आगे बढ़ते है उन्हें अपनी जान तक गवानी पड़ चुकी है, जो सभी को विदित है कि अब तक कितने पत्रकार अपने कर्त्तव्य का





पालन करते हुए शहीद हो गए, पत्रकार हित में पत्रकार सुरक्षा कानून इसी शीत कालीन सत्र मे पारित करने की मांग राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद आपसे करता है।

वर्तमान समय में पत्रकारों की आर्थिक स्थिति भी कोई खास नहीं है जिसके कारण पत्रकारों को जीवन यापन करने मै भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसके लिए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करती हैं कि प्रदेश मै कार्यरत सभी पत्रकारों को प्रधानमंत्री आयुष्यमान योजना के अंतर्गत स्वास्थ विमा कार्ड प्रदान करें। प्रदेश में पत्रकारों के लिए सरकारी बसों में फ्री पास जारी करने के साथ साथ गरीब पत्रकारों की कन्याओं के विवाह के लिए 11 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने का भी नियम जारी हो जिससे पत्रकार निश्चित रहकर सरकार और जनता के बीच मै अपने कर्तव्यों का खुलकर पालन कर सके और समाज को विश्वास दिला सके जब तक देश मै संविधान का चौथा स्तंभ मजबूत है तव तक भारतीय संविधान की गरिमा पर आंच नही आने देगा।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मंडल प्रभारी मनोज कुमार शर्मा, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मथुरा जिला संरक्षक दिनेश पंकज, जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश आचार्य,जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, मुकेश कुमार गुप्ता, बी एस खुराना, आलोक तिवारी,प्रवीण कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार शर्मा, रवि कांत चौधरी, ठाकुर तेज सिंह, यज्ञदत्त चतुर्वेदी, ॠषि कुमार शर्मा, प्रतीक चतुर्वेदी, सोनल कुमारी बंटी पत्रकार, सहित तमाम मथुरा के पत्रकारों ने सराहना करते हुए कहा कि यह वर्तमान समय मैं सबसे महत्वपूर्ण कार्य है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार को बिना देर किए पास करना चाहिए।

## श्री राधा रानी रोटी कपड़ा बैंक परिवार के सदस्य श्री राधा रानी और पूजा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा श्री बद्री नाथ धाम मंदिर भूतेश्वर पर श्री राधा रानी रोटी कपड़ा के सदस्य श्री राधा रानी सरकार और पूजा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें अवधपुरी से स्ट्रीट चिल्ड्रन स्कूल के बच्चों को रोमेंस इंटरनेशनल स्कूल की बस द्वारा वहां से लाया व वापसी छोड़ा गया। सभी बच्चों के संग भजन संध्या, प्रसादी उत्सव, गरीब परिवार के बच्चों को उनकी टीचरों को सभी को गर्म कंबल वितरण किया गया।



इस अवसर पर श्री राधा रानी रोटी कपड़ा बैंक के संस्थापक अध्यक्ष संजय पण्डित पाराशर ने कहा कि आज हमने बच्चों को इस अति प्राचीन मंदिर पर आमंत्रित किया है ताकि ये हमारी नई पीढ़ी सनातन धर्म संस्कृति को समझें, किसी भी तरह के प्रलोभन में आकर धर्म परिवर्तन नहीं करे, जात पात की करो विदाई, हिंदू हिंदू भाई भाई को साकार करते हुए महोत्सव को भव्य दिव्य मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य मनोरथी पूजा जी जिनका जन्मदिन था और उनकी मित्र मोनिका चौधरी जिन्होंने श्री राधा रानी का जन्मदिन उत्सव के रूप में मनाया। इस कार्यक्रम के अवसर पर अवधपुरी से स्ट्रीट चिल्ड्रन स्कूल सतीश शर्मा जी द्वारा संचालित स्कूल के सैकड़ों बच्चे, अखिल भारत हिन्दू महासभा से प्रदेश मीडिया प्रभारी रजत शर्मा, जिला अध्यक्ष ज्योति चतुर्वेदी, हेमंत शर्मा, राज नारायण गौड, पवन चतुर्वेदी, कृष्णा पण्डित, रुचि सक्सैना, गोपाल चतुर्वेदी, अभिषेक चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार चार आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। ईशानगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सक्सेना ने बताया कि थाना पुलिस द्वारा माह नवंबर में नौगाँव रोड पर स्थित ग्राम नदगांय के पास एक बोलेरो वाहन को 10 पेटी अवैध शराब के साथ जप्त किया गया था। कार्रवाई के दौरान शराब तस्कर भाग निकले थे, जिनकी लगातार तलाश की जा रही थी। बीते रोज पुलिस ने प्रकरण के 4 आरोपी छोटे राजा उर्फ विपेन्द्र सिंह बुंदेला पिता धर्मपाल सिंह, राजवेंद्र उर्फ जज सिंह बुंदेला पिता धर्मपाल सिंह, केशु राजा केशवेंद्र सिंह पिता धरमलाल सिंह और सरी यादव पिता स्वामी यादव को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी केशु राजा एवं राजवेंद्र उर्फ जज के विरुद्ध अवैध शराब व मारपीट के तीन-तीन एवं छोटे राजा के विरुद्ध मारपीट के दो अपराध पहले से दर्ज हैं।



## म.प्र.शासन द्वारा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरुकता अभियान

# पुलिस द्वारा की जारही है निरंतर सफलतम कार्यवाही

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। पुलिस अधीक्षक निवाडी डॉ. रायसिंह नरवरिया के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवाडी श्रीमती ज्योति ठाकुर, एस डी ओ पी पृथ्वीपुर /निवाडी के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्र में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत दिनांक 27/11/2024, दिनांक 28.11.24 दिनांक 29.11.24 दिनांक 30.11.24 ,दिनांक 01.12.24, दिनांक 02.12.24, दिनांक 03.12.24 दिनांक 04.12.24 ,दिनांक 05.12.24 को विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों /सार्वजनिक स्थानों पर युवाओं /छात्राओं के साथ ' जेंडर आधारित हिंसा' पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । जेंडर आधारित हिंसा के उन्मूलन हेतु ''हम होंगे कामयाब पखवाड़ा'' अंतर्गत आज दिनांक तक निम्नकार्यवाही जिला निवाडी में संचालित की गई है -




महिला थाना निवाडी द्वारा दिनांक 27/11/2024 को निवाडी स्थित शासकीय एक्सीलेंस गर्ल्स हायरसेंण्डरी स्कूल में एवं दिनांक 28.11.24 को शासकीय माध्यमिक स्कूल निवाडी एवं महिला थाना द्वारा दिनांक 29.11.24 को शासकीय उच्चतर विद्यालय क्र.01 एवं महिला सुरक्षा शाखा एवं महिला थाना द्वारा द्वारा दिनांक 30.11.24 को उच्चतर माध्यमिक कन्या स्कूल निवाडी ,एवं थाना ओरछा द्वारा दिनांक 01.12.24, को रामराजा मंदिर के पास शासकीय माध्यमिक विद्यालय ओरछा में ,महिला थाना एवं वनस्टाप सेंटर,एवं ग्रामीण स्वावलंबन निर्भया प्रोजेक्ट निवाडी द्वारा दिनांक 02.12.24को सीएम राईज केम्पस असाटी में एवं महिला थाना द्वारा दिनांक 03.12.24 को शासकीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज निवाडी में, थाना ओरछा द्वारा 03.12.24 को केशव भवन ओरछा में एवं दिनांक 03.12.24 को महिला थाना व वन स्टाप सेंटर द्वारा दिव्य संस्कार विद्यालय निवाडी में एवं महिला सुरक्षा शाखा निवाडी ,वनस्टाप सेंटर निवाडी ,एवं ग्रामीण स्वावलंबन निर्भया प्रोजेक्ट निवाडी द्वारा दिनांक 04.12.24 को कस्तूरबा छात्रावास अम्बेडकर चौराहा निवाडी में ,एवं महिला सुरक्षा शाखा निवाडी , एवं ग्रामीण स्वावलंबन निर्भया प्रोजेक्ट निवाडी द्वारा दिनांक 05.12.24 को ग्राम पंचायत लड़वारी में कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

उक्त अभियान में पुलिस द्वारा छात्र-छात्राएं/महिलाएं/आमजन को जिम्मेदार मर्दानगी/ जेंडर आधारित हिंसा के उन्मूलन हेतु विषय से अवगत कराते हुए महिलाओं का सम्मान करने ,उनके अधिकारों ,कानूनों की, करियर के संबंध में जानकारी दी गई । शासन द्वारा महिलाओं/छात्राओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाएं, एवं बाल विवाह ,घरेंलू हिंसा ,पॉक्सो एक्ट,बाल मजदूरी ,अनैतिक देह व्यापार ,मानव दुर्व्यापार, बच्चों का पढ़ना उनका जन्म सिद्ध अधिकार है जो उन्हे जन्म से ही प्राप्त है ,गुड टच बेड टच, भ्रूण हत्या, लिंगानुपात, महिला हेल्पलाइन 1090/पुलिस हेल्पलाइन100,112 /सायबर हेल्पलाइन1930/चाईल्ड हेल्पलाइन1098/ राष्ट्रीय महिला आयोग 7827170170/एंटी ट्रैफिकिंग हेल्पलाइन10582/ मेरी ट्रस्ट लाइन6363176363/,पुलिस मोबाईल एप्प एवं नवीन कानून बीएनएस ,बीएनएसएस से अवगत कराया साथ ही महिला सुरक्षा,सम्मान एवं स्वतंत्रता हेतु नीड,परी, भरोसा,आसरा,सहारा पाँच वर्गों की विस्तृत जानकारी दी गई ।

उक्त कार्यक्रमों में महिलाओं की सहायता के लिए महिला सुरक्षा कार्ड वितरित किए जा रहे हैं जिनमें पुलिस के महत्वपूर्ण नंबर अंकित हैं। उक्त अभियान को सफल बनाने में निवाड़ी पुलिस द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, ग्रामीण स्वावलंबन समिति, ग्रामीण महिला संगठन, एनजीओ का सहयोग लिया जा रहा है एवं उन्हें जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल किया जा रहा है । निवाड़ी पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा,सम्मान एवं स्वतन्त्रता के इस अभियान में गुम बालिकाओं/महिलाओं की दस्तयाबी लगातार जारी है जिन्हे विभिन्न स्थानों से दस्तयाब कर उनके परिवार के सुपुर्द कर उनके परिवार की खुशी लौटाई जा रही है । महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा बसों/स्कूल बसों के ड्राइवर/कंडक्टरों के वेरिफिकेशन किए जा रहे हैं एवं दुर्घटनाओं से बचाव हेतु वाहनों का मैकेनिकल परीक्षण भी कराया जा रहा है साथ ही आवश्यक इमरजेंसी उपकरण रखने हेतु पाबंद किया जा रहा है एवं जागरूकता पंपलेट चिपकाए जा रहे । छात्राओं की सुरक्षा हेतु निवाडी पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज,कोचिंग के बाहर घूमने वाले मजनुओं पर दैनिक रूप से पेट्रोलिंग के माध्यम से नज़र रखी जा रही है पुलिस द्वारा पैदल गश्त/मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से महिलाओं हेतु सुरक्षित वातावरण बनाने का पूर्ण प्रयास जारी है । निवाडी पुलिस द्वारा उक्त अभियान अंतर्गत थाना/चौकी क्षेत्र में कार्यक्रम किए जायेंगे।

# हमारी सांस्कृतिक विरासत को सिनेमा के माध्यम से भावी पीढ़ियों को अवगत करवाएं - राज्यपाल मंगुभाई पटेल

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ किया








**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में प्रदेश के राज्यपाल महामहिम श्री मंगुभाई पटेल ने खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक अरविंद पटेरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, कुलगुरु शोभा तिवारी, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम बलवीर रमन सहित अन्य अधिकारी एवं आमनागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल द्वारा अभिनेता मुकेश खन्ना, दीपक पाराशर, संजीवनी भेलंदे, चिंतन बाकी वाला, स्वीडन से आईं क्रिस्टीना नेने, लंदन से आईं अंजली पोल, विश्वास कुमार भटेले, डायरेक्टर एएसआई डॉ. शिवाकांत बाजपेई, अतुल मलिक राम को मेडल और शॉल से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य और बुंदेलखंड के बधाई नृत्य कि प्रस्तुति हुई। साथ ही फिल्म जगत के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। यह फेस्टिवल पद्मभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध अभिनेता स्व. राजेश खन्ना को समर्पित रहा।

राज्यपाल श्री पटेल ने फिल्म महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा देश विदेश से आए फिल्म निर्माण से जुड़े प्रसिद्ध निर्देशक, लेखक, संगीतकार, गीतकार एवं अभिनेताओं से स्थानीय कलाकारों का संवाद लगातार दस वर्षों से कराया जा रहा है। इसी समारोह से स्थानीय युवाओं और कलाकारों को जोड़ने की यह पहल फिल्म निर्माण के क्षेत्र में रोजगार और व्यवसाय के नए अवसरों का निर्माण करेगी। सिनेमा ऑडियो वीडियो की सम्मिलित विधा होने के कारण व्यक्ति के दिल और दिमाग पर गहरा प्रभाव डालता है। आधुनिक सूचना क्रांति के दौर में सिनेमा की शक्ति बहुत बड़ी है। वह थियेटर से निकलकर आज हर व्यक्ति के मोबाइल तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और आत्मबल से भावी पीढ़ी को परिचित कराने में सिनेमा बहुत अधिक प्रभावी योगदान दे सकता है। हमारे देश की आजादी का आंदोलन महान बलिदान और त्याग करने वाले असंख्य महापुरुषों की गाथाओं से भरा पड़ा है। जिसमें सिनेमा इनकी कहानियां बताने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गोंडवाना के राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, भीमानायक, रानी दुर्गावती और टंट्या भील जैसे अमर शहीदों के त्याग और बलिदान की गाथाएं मध्यप्रदेश के लोगों के दिलों में बसी हुई हैं। उन्होंने सभी सम्मानित विभूतियों को बधाई देते हुए स्वस्थ सुखी जीवन की कामना की। सांसद श्री शर्मा ने कहा राज्यपाल जी के निरंतर प्रोत्साहन से इस समारोह को सफलता मिलती है। जितने भी कलाकार इसमें सम्मिलित होते है। उन्हें भी अपनी कला निखारने का मौका मिलता है और दुनिया की इस आइकॉनिक सिटी खजुराहो को जी 20 में आए लोगों द्वारा विश्व पटल पर सराहा और इसे फिल्म सिटी के रूप में स्थापित करने के प्रयास जारी है। प्रशासन के समन्वय से खजुराहो को और ऊंचाइयों को ले जाकर बड़े अवसर मिलेंगे।

# भू माफिया नाथूराम सोनी का करोड़ों की शासकीय जमीनों पर कब्जा प्रशासन मेहरबान





**प्रभात सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर! जिले की राजनगर तहसील का मामला ग्राम पंचायत कर्री में पूर्व सरपंच रह चुके नाथूराम सोनी ने सरपंच रहते हुए गांव सहित आसपास के क्षेत्र में भी पद का दुरूपयोग करते हुए गलत तरीके से नियमों का हवाला देकर शासन की बेशकीमती जमीनों पर अवैध कब्जा करके राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से रिकार्ड में हेराफेरी करते हुए जमीनें अपने नाम करा ली थी अगर सही तरीके से जांच की जाएं तो भू माफिया सहित तहसील राजनगर के कई राजस्व अधिकारी भी लपेटे में आ सकते हैं मगर राजनीतिक पकड़ और रसूखदार होने की वजह से इसकी पहुंच भोपाल मंत्रालय तक है जिसके कारण यह किसी भी प्रकार की जांच से बच निकलता है और पैसे की दम पर अधिकारियों को नेताओं को खरीदने की बात करता है हाल ही में हुए कुछ दिन पूर्व एक जमीनी विवाद का कारण भी इसके द्वारा अवैध कब्जा की गई भूमि से जुड़ा है जिसमें दबंगई दिखाते हुए एक परिवार की महिलाओं और बेटियों तक को बुरी तरह सड़कों पर दौड़ा दौड़ा कर मारने का वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें जानलेवा हमला किया गया था जबकि उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड के अनुसार आबादी में दर्ज है जिसपर नाथूराम सोनी जबरन कब्जा करना चाहता था जिला कलेक्टर से की गई शिकायत के निराकरण में भी जांच रिपोर्ट से स्पष्ट कर दिया गया था कि संबंधित भूमि जिसका खसरा क्रमांक 1313/2 आबादी के अंदर है एवं रिकार्ड में नत्थू सोनी के नाम दर्ज नहीं है मगर प्रशासन की अनदेखी से भू माफिया इस कदर हावी हो रहे हैं कि किसी की जान लेने पर भी उतारू हो जाते हैं अब देखना होगा कि ईमानदार जिला कलेक्टर ऐसी शासकीय जमीनों को भूमाफियाओं से कब तक मुक्त करा पाते हैं या फिर जांच के नाम सिर्फ खानापूर्ति करके भूमाफियाओं के इरादों को साकार करते हैं पूर्व सरपंच नत्थू सोनी खुलेआम धमकी देता है कि कलेक्टर को भी खरीद लेंगे पैसे में सब बिकता है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता न जांच होगी जो भी बीच में आएगा उसको खरीद लेंगे या रास्ते से हटा देंगें।



पूर्व सरपंच
नाथूराम सोनी

# बागेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर होगें 251 जोड़ों के विवाह

## पंजीयन की तारीख 15 दिसम्बर तक निर्धारित

छतरपुर। सिद्ध संतों की तपोभूमि बागेश्वर धाम में गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाने वाला है 26 फरवरी को होने वाले इस विशाल एवं वृहद कन्या विवाह में 251 जोड़ों को परिणय सूत्र में बांधा जाएगा। 1 दिसंबर से पंजीयन कार्य शुरू हो गया है 15 दिसंबर पंजीयन कराने की आखिरी तारीख है। जिस गरीब बेटी का विवाह इस कार्यक्रम से कराना है उन्हें 15 दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन अवश्य कर लेना चाहिए।




बागेश्वर धाम के सेवादार आकाश अग्रवाल ने बताया कि सिस्टम विशाल कन्या विवाह महोत्सव 26 फरवरी 2025 को आयोजित होगा महाराज श्री इस बार 251 बेटियों को वैवाहिक बंधन में बंधने जा रहे हैं श्री अग्रवाल के मुताबिक इस विवाह सम्मेलन में अपनी बेटी का विवाह करने के लिए पंजीयन आवश्यक है और यह पंजीयन 1 दिसंबर से शुरू हो गए हैं हर हाल में 15 दिसंबर तक सभी संबंधीजन अपना पंजीयन करा ले। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज का संकल्प है कि इस बार 108 आदिवासी कन्याओं के विवाह इस महोत्सव से कराए जाने हैं। मातृ पितृ हीन, बेहद गरीब, बेसहारा बेटियों को महाराज श्री नया जीवन देने का प्रयास लगातार कर रहे हैं। आकाश अग्रवाल ने बताया कि महाराज श्री लाखों रुपए की घर गृहस्थी कि सामग्री के साथ बेटियों को विदा करते हैं। पंजीयन के लिए वर्ग एवं बधू का आधार कार्ड तथा वह अंक सूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, साथ लेकर बागेश्वर धाम स्थित कार्यालय नंबर 5 में पहुंचना है। दस्तावेजों को दिखाने के बाद एक फॉर्म दिया जाएगा जिसे भरकर अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करना है। प्राप्त होने वाले आवेदनों का परीक्षण होगा एवं भौतिक सत्यापन किया जाएगा इसके बाद चयन होगा।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321